तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025



12 स्वतंत्रता दिवस पर एकता का संदेश देने युवा और बच्चों ...

13 हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस








## खबर संक्षेप



### हिंदू पर्व और धर्मांतरण पर बैठक में हुआ चिंतन

**जगदलपुर।** सनातन जागृति मंडली जिला बस्तर के नेतृत्व में सामाजिक धार्मिक अनुसांगिक संघटनों की बैठक ओडीसा के पीकड़ धनवा शिव मंदिर में हुई। जिसमें आगामी गणेश चतुर्थी एवं धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर चिंतन किया गया । इस बैठक में सनातनी बन्धु बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

### राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र में किया गया पौधरोपण



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रज्ञा नंद के नेतृत्व में एसडीओ एके कुंजाम, उपयंत्री अजय कुमार गहलोत सहित टीम ने स्कूल परिसर एवं एनएच किनारे फलदार, फूलदार, छायादार पौधों का रोपण किया। एसडीओ ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण किया गया और स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों को कहा कि पौधों को सुरक्षित करें।

### स्वतंत्रता दिवस के बाद जन्माष्टमी का पर्व मनाया



**जगदलपुर।** शहर के चांदनी चौक स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि थाना प्रभारी भोला सिंह एवं ग्रामीण बैंक के रिटायर्ड मैनेजर श्रीमती माया टेकचंदानी का स्वागत शाला प्रमुख के द्वारा पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह के द्वारा किया गया। समारोह में विद्यार्थियों एवं शिक्षक गणों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। छोटे-छोटे बच्चे स्वतंत्रता सेनानी एवं राधा कृष्ण की वेशभूषा में भी आए। मुख्य अतिथि एवं शाला प्रमुख द्वारा स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के महत्व को भी बताया गया। अतिथियों ने बच्चों को बताया कि श्री कृष्ण की तरह हमेशा सच्चाई का ही साथ देना चाहिए।

### बास्तानार एकलव्य विद्यालय में किया गया ध्वजारोहण



**बास्तानार।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में विधायक विनायक गोयल ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कर्तव्य को याद किया गया। बच्चों को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर आमजन, विद्यालय स्टाफ तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ उत्सव मनाया गया



**नगरनार।** आज 16 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार में धूमधाम के साथ कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। जिसमें भैया-बहन कृष्ण, राधा बलराम सुदामा बनकर आयें । नगर में झांकी निकाला गया बहनों के द्वारा डांडिया नृत्य किया गया जिसमें विद्यालय के संस्था प्रमुख सत्यम सिंह, हर्ष मिश्रा, रीता यादव, मालती बघेल, राधा दास, संतोषी बघेल, प्रतिमा बघेल बघेल, हेमलता बघेल, अंजली सेठिया वृन्दावती कश्यप एवं अभिभावगण शामिल हुए।

# आजादी के बाद पहली बार बस्तर के 14 गांवों में शान से लहराया तिरंगा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

बस्तर संभाग के धूर नक्सल प्रभावित 14 गांव में आजादी के बाद पहली बार स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन कर तिरंगा फहराया गया। यह सभी गांव सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर जिले में आते है जहां सुरक्षा कैम्प खुलने के बाद ग्रामीणों का फोर्स के प्रति विश्वास बढ़ा और इस बार पहली बार आजादी के 79 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। पिछले 26 जनवरी को 15 गांव में तिरंगा झंडा फहराया गया था। इस बार 14 गांवों में नए कैम्प खुलने से पहली बार ध्वजारोहण हुआ। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर संभाग के तीन नक्सल प्रभावित जिले के 14 गांव जिनमें बीजापुर का कोंडापल्ली, जीड़पल्ली, जीड़पल्ली-2, वाटेवागु, करेर्गुट्टा, पिड़िया, गुंजेपर्ती, पुजारीकांकेर, भीमारम, कोरचोली एवं कोटपल्ली, नारायणपुर जिले के गारपा, कच्चापाल, कोडलियार, कुतूल, बेड़माकोट्टी, पदमकोट, कांदूलनार, नेलांगूर, पांगुड़, होरादी एवं रायनार और सुकमा जिले के तुमालपाड़, रायगुडेम़, गोल्लाकुंडा, गोमगुड़ा, मेटागुड़ा, उसकावाया व नुलकातोंग गांव आते है जहां पहली बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से फहराया गया जहां अब ⏭ शेष पेज 12 पर

## बीजापुर, नारायणपुर व सुकमा के माओवादी गढ़ में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन

### कभी नक्सली फहराया करते थे काले झंडे

गौरतलब है कि इससे पूर्व तक इन गांवों में नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज कराते आ रहे थे। लेकिन कई दशकों बाद पहली बार उन स्थानों पर भी तिरंगा शान से लहराया जहां कभी काले झंडे और भय का माहौल था। इस दिन की पूर्व संध्या पर स्थानीय जनता, प्रशासन और सुरक्षा बलों ने कंधे से कंधा मिलाकर गर्व और सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



### गूंजे देश भक्ति गीत

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ा दी और वातावरण में देशभक्ति के गीत गूंजे, बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और बुजुर्गों ने गर्व से इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बने। पूरा समाज स्वतंत्रता की भावना और शांतिपूर्ण भविष्य की नई आशा के साथ एकजुट हुआ।

## नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों का शाल-श्रीफल से हुआ सम्मान

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी और शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

बस्तर जिले में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम लालबाग परेड मैदान में आयोजित किया गया । जहां मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम जारी संदेश का वाचन किया। उन्होंने परम्परा के अनुसार शहीद परिवारों और भूतपूर्व सैनिकों से भी मुलाकात की। इस दौरान मंच पर कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा उपस्थित थे। परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक संगम राम और परेड टू आईसी निरीक्षक गणेश राम यादव के नेतृत्व में 15 प्लाटूनों ने बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट किया। शस्त्र रहित मार्चपास्ट में वन विद्यालय जगदलपुर को प्रथम, एनसीसी 9 वीं कंपनी सेजेस धरमपुरा की प्लाटून को द्वितीय तथा एनसीसी 10 वीं कंपनी जगतू माहरा हॉयर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर की प्लाटून को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं शस्त्र सहित मार्चपास्ट में सीआरपीएफ 80 वीं बटालियन जगदलपुर को प्रथम, सीआरपीएफ की सेड़वा स्थित 241 बस्तरिया बटालियन (महिला) की प्लाटून को द्वितीय और जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों से भेंटकर मुख्य अतिथि द्वारा शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और व्यायाम प्रदर्शन किया गया। जिसमें हायर सेकेण्डरी स्कूल तितिरगांव के बच्चों की प्रस्तुति को सराहते हुए प्रथम पुरस्कार, विद्या ज्योति स्कूल की प्रस्तुति को द्वितीय पुरस्कार और सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल कंगोली की प्रस्तुति को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

■ बस्तर जिले में गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, सीसीएफ वन्यप्राणी स्टायलो मंडावी, कमांडेंट 5 वीं बटालियन जितेंद्र शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा और अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# सर्वाधिक नक्सल प्रभावित ग्राम पदेड़ा के ग्रामीणों का घर बिजली से हुआ रौशन

## गांव रौशन होने से ग्रामीणों में हर्षोल्लास का दिखा माहौल





**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

विद्युत कंपनी ने 11 केव्ही लाईन 10 किमी, एलटी 20 किमी लाईन बिछाकर पहली बाद सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव पदेड़ा पहुंचाया। इससे गांव के लगभग 120 ग्रामीणों के घरों बिजली से रोशन किया, इससे ग्रामीणों में हर्षोल्लास का माहौल दिखा। ग्रामीणों ने बताया कि पदेड़ा ग्राम बिजली आने से केवल घरों में रोशनी ही नहीं, बल्कि कई दूसरे विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। कंपनी ने नियद नेल्लानार योजना से गांव को विकास का एक अहम तोहफा मिला है। गांव के पुरूष, महिला ने कहा कि बिजली आने से उनके बच्चे रात में भी पढ़ सकेंगे और गांव टीवी नहीं था अब टीवी लगाएंगे, जिससे हम देश दुनिया की खबरें देख पाएंगे। गांव में बिजली नहीं होने के चलते किसी के पास मोबाइल नहीं था पर अब मोबाइल रखेंगे। साथ ही कंपनी के कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में सहायक, कनिष्ठ अभियंता कर्मचारियों के साथ शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना पर जागरूक किया।

■ बिजली से देश दुनिया की खबरें देख पाएंगे गांव के बच्चे व ग्रामीण

### अधिकारियों, कर्मियों को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि ग्रामीणों की शिकायत पर स्थल में पहुंचे।

# पूर्व पीएम अटलबिहारी वाजपेयी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिये है प्रेरणास्रोत : देव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर शनिवार को जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके छायाचित्र में माल्यापर्ण व दीप प्रज्ज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी का जीवन हम सभी कार्यकतार्ओं के लिये प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने कहा कि अजातशत्रु का संपूर्ण राजनीतिक जीवन प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिये ऐसी पुस्तक है, जिससे राष्ट्र की सतत सेवा, संगठन के लिये समर्पण व जनता जनार्दन के लिये निस्वार्थ सेवाकार्य का पाठ कार्यकर्ता आत्मसात करें। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की तारीफ उनके राजनीतिक विरोधी भी करते थे। इसलिये उन्हें अजातशत्रु कहा जाता है। कवि हृदय, भारत रत्न ने राजनीति में उच्च आदर्श स्थापित किये, जिसका अनुसरण सदैव हम कार्यकतार्ओं को करना चाहिये। श्रंद्धाजलि सभा को जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय,ब्रेरवरेज कापोर्रेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पाण्डेय ने भी संबोधित किया और उनके जीवन में प्रकाश डाला। संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही ने किया । कार्यक्रम में सुधीर पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय,श्रीधर ओझा, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, शशि नाथ पाठक, सुधा मिश्रा, दशरथ गुप्ता, योगेश शुक्ला,अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर,आशा साहू, सूर्य भूषण सिंह, अविनाश गौतम, ब्रिजेश शर्मा, सफीरा साहू,संग्राम सिंह राणा, सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्रही, राणा घोष, कलावती कसेर, रंजीत पाण्डेय शामिल रहे।

■ पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा



# राजीव भवन में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने ध्वजारोहण किया । इस दौरान तिरंगे झंडे को सलामी दी गई एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया । वही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के संदेश का वाचन वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार झा के द्वारा किया गया। इसके पूर्व शहर के गोलबाजार में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण किया गया । ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ,पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने संबोधन दिया। इस अवसर पर पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव,राजेश राय,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,सुभाष गुलाटी,जावेद खान,सूरज कश्यप,सेमियल नाथ, सुषमा सुता,महामंत्री निकेत झा,महेश द्विवेदी, सेवादल कौशल नागवंशी, संतोष यादव,राजकुमार दंडवानी,अनवर खान एवं कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे ।

# अनुदेशकों ने चार सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा, सहायक शिक्षक पर मर्ज करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा**

जब बस्तर में नक्सलवाद चरम पर था और शिक्षा बस्तर में डगमगा रही थी। तब बस्तर के मावोवाद प्रभावित जिले दंतेवाड़ा, सुकमा,बीजापुर, नारायणपुर में अस्थाई बांस के घरों में नक्सलियों से पलायन आदिवासियों के बच्चों को रखकर सरकार ने शिक्षित करने के लिये अवासीय व्यवस्था बनाई, जिसे नाम दिया पोटाकेबिन और उन पोटाकेबिनो में क्षेत्रीय पढ़े-लिखे युवा युवतियों को बतौर अनुदेशक के पद पर समग्र शिक्षा मिशन के तहत रखकर शिक्षा का उजियारा फैलाने का जिम्मा सौपा गया। यह सिलसिला तब से लेकर आज 15 वर्ष बीतने के बाद भी लगातार चला आ रहा है। इसमें सेवाएं देने वाले अनुदेशक नाममात्र की छोटी सी तनख्वाह में लगातार आवासीय पोटाकेबिनो में रहकर अपनी सेवाएं बतौर शिक्षक दे रहे हैं। पर इन्ही अनुदेशकों की वेतनवृद्धि हो या टीआईटी शिथिलीकरण की मांग जिसे लगातार लंबे वक्त से अनदेखा किया जा रहा है। जिसके चलते अब लगातार अनुदेशक अपने-अपने जिलों में प्रशासनिक स्तर पर सरकार तक अपनी मांग रख रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले में भी अनुदेशक संघ की दंतेवाड़ा इकाई ने कलेक्टर को टीआईटी शिथिलीकरण और उनके पदों को सहायक शिक्षक में मर्ज करने के संबंध में 4 बिंदुओं में एक निवेदन पत्र भी दिया है. ताकि उनकी मांग राज्य स्तर तक पहुंच सके।

■ नक्सल ग्रस्त इलाकों में 15 साल से है सेवारत



### चार प्रमुख मांगे हैं

पत्र के माध्यम से संघ ने कहा कि विगत 15 सालों से अनुदेशक शैक्षणिक कार्य समग्र शिक्षा अंतर्गत पोटाकेबिनो में मौखिक आदेशो के आधार पर कर रहे हैं। बस्तर के पिछड़े और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु राज्य सरकार के शैक्षणिक प्रतिशत को बढ़ाने और बच्चों के सर्वागीण विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका लगातार निभा रहे हैं।

## वासुदेव श्रीकृष्ण को सिर में उठाये मथुरा से नंदगांव जाने की झांकी ने लोगों को किया आकर्षित

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झांकी के साथ शहर में निकाली शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। दलपत सागर चौक स्थित श्रीकृष्ण मंदिर को सजाया गया। इस दौरान शहर समेत गांव-गांव से श्रद्धालु पहुंचे। इस बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव, छग बेवरेज निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी निर्मल पाणिग्राही, संग्राम सिंह राणा मंदिर पहुंच भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की।

विधायक देव ने प्रदेश व देश मे शांति और खुशहाली की कामना की। बस्तर जिला यादव समाज के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियो ने जनप्रतिनिधियों के सिर में पीताम्बर पगड़ी बांध उनका सम्मान किया। किरण देव ने विधायक निधी से मंदिर में 5 लाख की लागत से शेड निर्माण की आधारशिला रखा। यादव समाज ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में समाज के एक युवा वासुदेव के प्रतिकृति में बाल गोपाल को टोकरी में सिर के ऊपर रखकर पूरे शोभयात्रा में आकर्षक का केंद्र बने। शोभायात्रा में चल रहे समाज के बड़ी संख्या में युवक-युवतियां,मातृ शक्तियां,पुरुष कर्मकर्ता और बच्चे डीजे के श्रीकृष्ण भजन पर थिकरते,नाचते झूमते चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा हाथी घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाते चल रहे थे। समाज के समस्त मातृ शक्तियां,पुरुष,युवक-युवतियां बच्चे एवं वरिष्ठजन पीले वस्त्र धारण कर सिर पीले पगड़ी बांध रखे थे। यादव समाज के दिनेश यदु,संतोष यादव,संरक्षक विक्रम सिंह यादव, लछिन, रोमनांचल यादव, जिलाध्यक्ष सुखमन यादव, रघुवंश यादव, लकी यादव, महिला जिलाध्यक्ष अन्नपूर्णा यादव, अनिता यादव,शीतल यादव,रीता यादव समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग सम्मलित हुए। सर्व हिन्दू समाज के प्रतिनिधिगण भी शोभायात्रा में सम्मलित हुये। श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।



### शोभायात्रा में अलग-अलग झांकियों का प्रदर्शन

यादव समाज श्रीकृष्ण जनमोत्स्व पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण का वेषधारण कर खुले वाहन में सवार थे,जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना था। शोभायात्रा में बस्तर की संस्कृति एवं सभ्यता का झलक स्पष्ट दिखाई दिया,जब झांकी में बस्तर के मूल नाच दल राउत नाचा,धुर्वा नाचा,माड़िया नाचा एवं बस्तर नाचा रास्तेभर नाचते चल रहे थे।

# करंदोला में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी**

ग्राम करंदोला में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस आयोजन की योजना ग्राम सांस्कृतिक समिति द्वारा तैयार की गई थी और इसका सफल संचालन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। साथ ही पूरे गांव के लोगों, विशेषकर युवाओं के सक्रिय सहयोग से यह पर्व यादगार बन गया।

सुबह से ही गांव में उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणजन पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। यात्रा शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर कल्याण आश्रम तक निकाली गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया। यात्रा के साथ ही भव्य शोभायात्रा भी आयोजित की गई, जिसमें राधा-कृष्ण की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़े। हरे कृष्णा, हरे रामा और राधे-राधे के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कल्याण आश्रम पहुंचते ही आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। इसके बाद बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रतियोगिताएं ⏭ शेष पेज 12 पर



# 188वीं बटालियन सीआरपीएफ ने किया भव्य शहीद स्मारक का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ, कोंडागांव ने एक भव्य शहीद स्मारक का उद्घाटन किया। कमांडेंट भवेश चौधरी ने इसका लोकार्पण किया। यह स्मारक राष्ट्रीय राजमार्ग–30 पर शबरी इंपोरियम के सामने, 188वीं वाहिनी मुख्यालय के बाहर बनाया गया है। इसे उन वीर जवानों की याद में बनाया गया है जिन्होंने बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। कमांडेंट श्री चौधरी ने अपने संबोधन में बताया कि 21वीं सदी की शुरुआत में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को नियंत्रित करने के लिए सीआरपीएफ को बेहद कठिन परिस्थितियों में तैनात किया गया था। जवानों ने इन मुश्किल हालात में भी डटकर मुकाबला किया और बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया या गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2003 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में कई मुठभेड़ों, हमलों और धमाकों में 20 अधिकारियों सहित कुल 460 सीआरपीएफ जवानों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने बताया कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाता रहेगा कि स्वतंत्रता और सुरक्षा की क्या कीमत होती है और कैसे सीआरपीएफ ने इस गंभीर समस्या पर काबू पाया, जो एक समय देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी।

## जवानों के बलिदान की गाथा कहेगा स्मारक

### बस्तर में सीआरपीएफ का पहला शहीद स्मारक

कमांडेंट ने कहा कि यह बस्तर में अपनी तरह का पहला शहीद स्मारक है, जिसे सीआरपीएफ के सभी शहीदों की याद में बनाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत सरकार के संकल्प के अनुसार, मार्च 2026 से पहले देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त कर दिया जाएगा। नक्सलवाद की समाप्ति के बाद भले ही कुछ बटालियनें अन्य स्थानों पर तैनात हो जाएं, लेकिन यह स्मारक बस्तर में सीआरपीएफ द्वारा किए गए कार्यों और दिए गए बलिदान की हमेशा याद दिलाता रहेगा।



### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर, द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार, उप कमांडेंट कमल सिंह मीणा, सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश विश्नोई और चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन सहित कई अधिकारी, जवान और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंत में, अमर शहीद जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

# उत्तम सेवा के लिए डाक कर्मचारी नईम सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारतीय डाक विभाग में 34 साल से सेवा दे रहे ग्रामीण डाक कर्मचारी नईम खान को जिला प्रशासन कोंडागांव ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सम्मानित किया। उन्हें कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और विधायक लता उसेंडी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

जन–कल्याणकारी योजनाओं को घर–घर पहुँचाने में योगदान – नईम खान ने डाकघर की विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने घर–घर जाकर ग्रामीणों और शहरी नागरिकों को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, डाक जीवन बीमा, छोटी बचत योजनाओं और दुर्घटना बीमा जैसी सेवाओं का लाभ दिलाया है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। उनके इस सराहनीय योगदान को देखते हुए ही जिला प्रशासन ने उन्हें सम्मान के लिए चुना।

### समस्त कर्मचारियों ने किया हर्ष व्यक्त

नईम खान को सम्मानित होने पर उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव आरएस मिश्रा, पोस्ट मास्टर कोंडागांव एसएल गोटी, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, दयाराम ध्रुव, सतेंद्र साव उपडाकपाल नाका, देवेंद्र तिवारी मर्दापाल, संदीप राव, डिकेश मिर्झा, विदोस दीवान, हरेंद्र यादव सहित समस्त कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

पर्व : शहीद के पिता ने किया ध्वजारोहण, आसमान में छोड़े तिरंगे रंग के गुब्बारे

# स्वतंत्रता दिवस पर एकता का संदेश देने युवा और बच्चों ने निकाली सायकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर में 79 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर फरसगांव नगर के उम्मीद समाजिक संस्था के द्वारा नगर के केवी जनरल स्टोर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहाँ ग्राम भर्रीपारा (बहीगांव) के शहीद जवान पवन मंडावी के पिता नडगूराम मंडावी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद फिरोज मेमन व उनके परीजनों ने मिलकर तिरंगे रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, उम्मीद सामाजिक संस्था के सदस्य सहित नगरवासी उपस्तिथ रहे।

■ शंकरपुर में बुजुर्गो और पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान कर व बच्चों को किया पाठ्य सामग्री वितरण

ध्वजारोहण के पश्चात फरसगाँव नगर से ग्राम शंकरपुर 4 किलोमीटर तक एकता साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के युवाओ के साथ बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल हुए, यह सायकल यात्रा फरसगाँव से शंकरपुर तक निकाली गईं। वहीं शंकरपुर गांव की महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें रस्सा खींच, मटका फोड़ और कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। विजेता महिलाओं को पुरस्कार का वितरण किया गया। हाई स्कूल की छात्राओ के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं गांव के बुजुर्गों और पंचायत प्रतिनिधियों को साल व श्रीफल से सम्मानित किया व आंगनबाड़ी के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतिम में साइकिल यात्रा से पुनः वापस फरसगांव पहुची जहाँ एकता सायकल यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



उम्मीद के सदस्यों ने बताया यह एकता यात्रा का उद्देश्य स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों को करना है, लोग अपने भाग दौड़ की जिंदगी में कार और मोटर साइकिल पर चलने के आदि हो गए है जिससे स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है और पर्यावरण भी प्रदूषण हो रहा है। सभी को अपने दिनचर्या में सायकल चलना चाहिए, पैदल चलना चाहिए, कार और मोटरसाइकिल का कम उपयोग करना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रहे और पर्यावरण में प्रदूषण भी कम हो सके।

### ये रहे शामिल

इस दौरान फरसगांव पुलिस एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य कलता मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद विनोद पाण्डे, नरेंद्र गौर, संगीता राव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी, भूतपूर्व सैनिक रिकेश कुंवर, ग्राम शंकरपुर सरपंच श्रीबती मरकाम, उप सरपंच दुखे, पीटीआई जागृति पटेल, उम्मीद संस्था के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगरवासी, स्कूली बच्चे, भूतपूर्व सैनिकों से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे सैकड़ो युवाओं ने एकता यात्रा में शामिल हुए।

# सीआरपीएफ ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

188वीं बटालियन सीआरपीएफ ने आज अपने मुख्यालय, कोण्डागांव में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी ने नव–निर्मित शहीद स्मारक का उद्घाटन किया। इसके बाद, उन्होंने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली और ध्वजारोहण कर सभी जवानों और उनके परिवारों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

### मिष्ठान वितरण और अन्य कैंपों में भी उत्सव

संबोधन के बाद, गार्ड के प्रदर्शन की सराहना की गई और सभी जवानों को कमांडेंट भवेश चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार, उप कमांडेंट कमल सिंह मीणा, सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश विश्नोई और चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन द्वारा मिठाई वितरित की गई। इस बटालियन के सभी कैंपों केशकाल, पालेम, मारीपारा, पेदारास और पुष्पालघाट में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण और मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम किया गया।

### पदक प्राप्त अधिकारियों और जवानों का सम्मान

कमांडेंट श्री चौधरी ने राष्ट्रपति द्वारा अर्धसैनिक बलों में सबसे अधिक पदक पाने वाले सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों के नाम पढ़कर सुनाए। उन्होंने उनके अदम्य साहस और शौर्य की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी। अपने संबोधन में, कमांडेंट ने सीआरपीएफ के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद, नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में माओवादियों और पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने क्रांतिकारियों के बलिदान को याद किया जिनकी वजह से हम आज अखंड भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है।

# धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी व स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बेलगांव में दिनांक 14 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी पर्व एवं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें एलकेजी से लेकर उच्च प्राथमिक कक्षा तक के छात्र–छात्राएं राधा–कृष्ण की वेशभूषा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा श्रीकृष्ण की पचना से की गई।

विद्यालय के प्राचार्य देवराज मोहंती, सीसीए प्रभारी दिव्या साहू तथा समस्त शिक्षकगणों द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत एवं आशीर्वाद दिया गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक वर्ग के छात्रें ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बोर्ड डेकोरेशन एवं मटका डेकोरेशन जैसी गतिविधियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। समापन अवसर पर समस्त विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया, जिससे बच्चों में विशेष आनंद व उत्साह देखा गया। दूसरे दिन 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पारंपरिक गरिमा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बेलगांव की सरपंच श्याम बाई नेताम थीं। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सरपंच लखेश्वर पोयम, पूर्व जनपद सदस्य पीलूराम मरकाम, शाला समिति अध्यक्ष गौतम बागची, शाला सचिव सुनील रत्नाकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का हुआ समापन

विद्यालय के प्राचार्य देवराज मोहंती ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता का महत्व समझाया और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत भाषण, नाटक, कविताएं एवं लोकनृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र बने। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इन आयोजनों ने विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय गौरव एवं उत्साह का संचार किया। सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की और विद्यालय के सतत विकास में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

# स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति व पर्यावरण संरक्षण का संगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

देशभक्ति के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मां दंतेश्वरी हर्बल समूह ने अपने सभी फार्म्स, प्रसंस्करण इकाइयों और अनुसंधान केंद्रों पर 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद सभी केंद्रों पर औषधीय, वायुमंडल को प्राणवायु देने वाले तथा मिट्टी को नत्रजन से भरने वाले पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। इस पहल का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ धरती का संकल्प लेना था।

डीआईसी, कोंडागांव में ध्वजारोहण जिला उद्योग केंद्र के मार्गदर्शन में अनुराग त्रिपाठी, बलाई चक्रवर्ती और उनकी टीम द्वारा किया गया। डीएनके कॉलोनी में ध्वजारोहण संपदा समाज संस्था की महासचिव शिप्रा त्रिपाठी द्वारा किया गया। चिखलपुटी फार्म एवं रिसर्च सेंटर में संस्थापक डॉ. राजाराम त्रिपाठी के नेतृत्व में ध्वजारोहण और पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी अवसर पर महिला समूह की अध्यक्ष जसमती नेताम ने मिष्ठान वितरण किया। इसके अलावा घोड़ागांव, चपका, राजनगर, गिरोला और परपा के हर्बल फार्म्स पर भी स्थानीय मिशन लीडर्स और टीमों ने उत्साहपूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान तिरंगे के सम्मान में सिर ऊँचे कर राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन हुआ, साथ ही प्रकृति संरक्षण और जनकल्याण के प्रति सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

छात्र–छात्राओं ने गांव की गलियों में निकाली तिरंगा रैली

# मयूर डोंगर में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



ग्राम पंचायत मयूर डोंगर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में हुआ, जहां प्राथमिक शाला, उच्च प्राथमिक शाला और हायर सेकेंडरी स्कूल के सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। जैसे ही तिरंगा फहराया गया, पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इसके बाद छात्र छात्रओं ने गांव की गलियों में तिरंगा रैली निकाली। रैली ने पूरे गांव का भ्रमण किया और पुनः स्कूल परिसर में लौटकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच जयलाल नेताम ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमें अपने बलिदानी वीरों की याद दिलाता है। आज हम सभी को मिलकर देश की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। प्राचार्य मुकेश सैमसंन ने विद्यार्थियों को अनुशासन और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

रैली के पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित जनसमूह तालियों की गड़गड़ाहट से बार–बार उनका उत्साहवर्धन करता रहा। समारोह में ग्राम सरपंच जयलाल नेताम, पूर्व जनपद सदस्य रामेश्वर नेताम, संस्था के प्राचार्य मुकेश सैमसंन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, पलक गण, ग्रामवासियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्र रेखा ध्रुव, जय मनी कश्यप, कौशल्या साहू, लता देवांगन प्रमानंद वैद्य, भारत देवांगन, तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी रहा।

पेज 11 के शेष

### आजादी के बाद ...

तक लाल झंडे की प्रतीकात्मक उपस्थिति ही देखी जाती थी। यह घटना बस्तर के बदलते परिदृश्य, राज्य और केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति, सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों और सबसे महत्वपूर्ण, इन क्षेत्रों के आम ग्रामीणों के जीवन में आ रही नई उम्मीद की एक जीवंत मिसाल है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि शांति, एकता और विकास के ऐतिहासिक क्षण में आज बस्तर रेंज के हर कोने में चहल-पहल वाले नगरों से लेकर सबसे दूरस्थ आंतरिक गांवों तक जो कभी माओवादी गढ़ के रूप में जाने जाते थे स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ।

### करंदोला में धूमधाम ....

आयोजित की गईं। राधा-कृष्ण वेशभूषा प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक परिधान पहनकर मंच पर भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। क्विज प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण के जीवन, शिक्षाओं और महाभारत से जुड़े प्रश्न पूछे गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिए और सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सबसे रोमांचक हिस्सा था मटका फोड़, रस्साकशी और दही हांडी।विशेष रूप से रस्साकसी खींच प्रतियोगिता में जनपद सदस्य संतोष बघेल एवं जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान भी सम्मिलित हुए और स्वयं प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्सव में उमंग और बढ़ा दिया। युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और दर्शकों ने जयकारों से उनका उत्साह बढ़ाया। रात को भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने श्रीकृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किए। पूरे गांव ने जन्मोत्सव को उत्सव की तरह मनाया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रकार समिति के कुशल आयोजन और ग्रामवासियों एवं युवाओं के सहयोग से करंदोला का यह जन्मोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और सामूहिक उत्साह का भी परिचायक रहा। शोभा यात्रा के के दौरान भानपुरी पुलिस ने भी चाक चौबंद व्यवस्था कर कार्यक्रम को सफल बनाने में भी अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

# पूर्व सैनिक परिषद ने अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि मनाई



**कोण्डागांव।** पूर्व सैनिकों और जिला बल की लिखित परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग लेने वाले युवक एवं युवतियों के द्वारा महारानी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि मनाया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने निशुल्क कोचिंग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि अहिल्याबाई को उनके न्यायप्रिय और कुशल शासन के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने राज्य में न्याय व्यवस्था को मजबूत किया और लोगों के हितों को प्राथमिकता दी। अहिल्याबाई ने अपने राज्य में कई जनकल्याणकारी कार्य किए, जैसे कि मंदिर, धर्मशालाएं, और कुएं बनवाना स उन्होंने शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया, जो उस समय के समाज में एक महत्वपूर्ण कदम था। अहिल्याबाई ने विभिन्न धर्मों के प्रति सहिष्णुता दिखाई और सभी के साथ समान व्यवहार किया। उनके शासन में शांति, समृद्धि और स्थिरता बनी रही, जो उनकी दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता का प्रमाण है। अंत में महारानी अहिल्याबाई होलकर अमर रहे और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव, पूर्व सैनिक राकेश धीवर और निशुल्क कोचिंग लेने वाले युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

# भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**कोण्डागांव।** भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आज भक्तों ने अपने–अपने घरों में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। सुबह से ही घरों में पूजा–पाठ और भजन–कीर्तन की गूंज सुनाई देने लगी। भक्तों ने दिनभर उपवास रखकर भगवान के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। जन्माष्टमी के अवसर पर, भक्तों ने अपने घरों को फूलों, रंगोली और दीपों से सजाया। कई घरों में



नंदलाल की प्रतिमा को पालने में विराजमान करके उनका सुंदर श्रृंगार किया गया। रात 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा माहौल हर्षोल्लास से भर उठा। भक्तों ने आरती, शंखनाद और जयकारों के साथ भगवान के जन्म का उत्सव मनाया और एक–दूसरे को बधाई दी। इस दौरान सभी ने भगवान श्रीकृष्ण से सुख–समृद्धि और शांति की कामना की।

## बोरगांव में जन्माष्टमी पर हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम बोरगांव में इस्कॉन मंदिर के तत्वधान में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बोरगांव के एसटी पारा में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । मटकी फोड़ प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया । जिसमें यंगस्टर बोरगांव की टीम ने 3.40 सेकेंड में मटकी फोड़ी, माखन चोर प्लाटपारा बोरगांव की टीम ने 2.40 सेकेंड में मटकी फोड़ी , व्यापारीपारा बोरगांव की टीम मटकी फोड़ नहीं पाए तो वहीं शिवाजी पश्चिम बोरगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 सेकेंड में मटकी फोड़ कर इस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर ईनाम पर कब्जा किया । विजेता टीम को आयोजक समिति द्वारा 25 हजार रूपये नगद राशि दिया गया । इस प्रतियोगिता को देखने बोरगांव क्षेत्र के साथ आस पास गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। सभी लोगों के लिए खिचड़ी की व्यवस्था की गई थी।





## राधा-कृष्ण की वेशभूषा में बच्चे लगे प्यारे

**फरसगांव।** क्षेत्र में शनिवार को धूमधाम के साथ कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे नन्हे बच्चों ने भगवान राधा और कृष्ण के वेशभूषा में सजधज रूप धरा, साथ ही कई लोगों ने एक दूसरे से फोटो भी सांझा किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर देवांगन समाज ने किया पौधा वितरण



**कोण्डागांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त की सुबह जिला देवांगन समाज कोंडागांव ने समाज भवन में फलदार पौधों का वितरण कर आज़ादी का पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में श्री सत्य साईं सेवा संगठन जिला कोंडागांव के समिति संयोजक विजय देवांगन के सहयोग से दक्षिण वन मंडल कोंडागांव द्वारा काजू, अमरूद एवं जामुन सहित 150 फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए थे। जिला देवांगन समाज कोंडागांव के अध्यक्ष सुरेश देवांगन ने ध्वजारोहण के बाद पौधों का वितरण किया और उपस्थित लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश देवांगन समाज के संयोजक मणिशंकर देवांगन, जिला संरक्षक कुबेर देवांगन, कमल देवांगन, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष हरिशंकर देवांगन, सहसचिव मिथलेश देवांगन, सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जिला कार्यालय में फहराया तिरंगा



**दंतेवाड़ा।** भारत की आजादी के अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर उन्हें नमन किया। कलेक्टर ने ध्वजारोहण के बाद इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहित जिला कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**बीजापुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को कलेक्टर संबित मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर में किया ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात कलेक्टोरेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिलेवासियों एवं सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, उत्तम सिंह पंचारी, दिलीप उईके, जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, जिला कोषालय अधिकारी महावीर टंडन सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### विधायक किरण देव ने मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर किया मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन

# हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ उत्साहपूर्वक गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह जिला मुख्यालय शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था। इस समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि जगदलपुर क्षेत्र विधायक किरण देव का कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रातः 9 बजे दंतेवाड़ा जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के धुन के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये और शांति के प्रतीक श्वेत कबूतर उड़ाये गये।

- उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का किया गया सम्मान

इसके साथ ही विधायक किरण देव ने स्वतंत्रता दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।







### अनुशासन और गरिमा के साथ हुआ मार्च पास्ट

स्वतंत्रता दिवस समारोह में मार्च पास्ट के दौरान सधे हुए कदमों के साथ कदम ताल कर सुरक्षा बलों एवं स्कूली बच्चों के एनसीसी दल ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस क्रम में परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक सुशील नौटियाल, परेड टू आई सी उपनिरीक्षक रामकुमार श्याम, केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल निरीक्षक संजीव कुमार, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल उपनिरीक्षक विक्रम प्रसाद सिंह, बस्तर फाईटर्स (पुरुष) सहायक उप निरीक्षक संतोष तामो, जिला पुलिस बल (पुरूष) सहायक उप निरीक्षक संतोष यादव, बस्तर फाईटर्स (महिला) महिला प्रधान आरक्षक 942 सुनैना पटेल, जिला पुलिस बल (महिला) महिला प्रधान आरक्षक 613 लक्ष्मी ध्रुव, नगर सेना सहायक उप निरीक्षक लालू राम पोडियामी, राष्ट्रीय कैडेट कोर टोली कमाण्डर महेश कुमार नागेश, सरस्वती शिशु मंदिर टोली कमाण्डर कुमारी अनुसुर्या, बैंड पार्टी आस्था विद्या मंदिर जावंगा (गीदम) टोली कमाण्डर कुमारी कशिश दुर्गम के नेतृत्व में दल ने भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित परेड में पुलिस जवानों के साथ कदम से कदम मिलाए।

### रंगारंग प्रस्तुतिकरण ने बांधा समां

मुख्य समारोह में शालेय छात्र छात्राओं की देशभक्ति और स्थानीय लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग नृत्य गान प्रस्तुतिकरण ने भी लोगों की वाहवाही बटोरी। इस क्रम में कन्या शिक्षा परिसर पातररास मेरा हिमालय शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावन में ओढ़े मेघा बरसगे सक्षम विद्यालय जावंगा जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया निर्मल निकेतन हाई स्कूल कारली दंतेवाड़ा मंगल मंगल डी.ए.वी पब्लिक स्कूल दंतेवाड़ा मोहे रंग दे बसंती अरुणोदय पब्लिक स्कूल लिकरी झिकरी शा. हाई सेकेंडरी स्कुल दंतेवाड़ा जावां जावां बस्तर दखुकलाय जांवा इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव की शुरूआत में आस्था विद्या मंदिर जावंगा द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर धुनों एवं राष्ट्रीय एकता से ओत प्रोत नृत्य गान प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

### मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना घुड़सवारी

इसके अलावा आस्था विद्या मंदिर और सक्षम आवासीय विद्यालय के बच्चों द्वारा घुड़सवारी के करतब का भी अद्भुत प्रदर्शन किया गया। जिसमें उपस्थित जनसमूह को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। घुड़सवार बच्चों ने घुड़सवार विधा के विभिन्न आयाम का आत्मविश्वास के साथ सफलतापूर्वक प्रस्तुति दी।

### शालेय संस्थाओं का किया गया पुरस्कृत

कार्यक्रम के समापन पर विजेता मार्च पास्ट दलों एवं शालेय संस्थाओं का किया गया पुरस्कृत किया गया। इसके तहत मार्च पास्ट परेड के लिए महिला बस्तर फाईटर्स को प्रथम पुरस्कार और द्वितीय स्थान पुरुष बस्तर फाईटर्स, एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही शस्त्र रहित मार्च पास्ट वर्ग के अंतर्गत राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी को प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर को द्वितीय स्थान, एवं नगर सेना को तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्र-छात्राओं के के सांस्कृतिक प्रदर्शन में शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल प्रथम स्थान, कन्या शिक्षा परिसर पातररास द्वितीय स्थान एवं निर्मल निकेतन हाई स्कूल कारली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा आस्था विद्या मंदिर बैंड की धुन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 41 शासकीय कर्मचारियों एवं नीति आयोग के आकांक्षी हाट महिला स्व सहायता समूह को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके साथ ही जावंगा एजुकेशन सिटी के घुड़सवार के बच्चों को भी अधिकारियों एवं आगंतुक अतिथियों ने नकद पुरस्कार राशि दी।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण डीआईजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ के अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ सागर जाधव, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एवं अधिकारीगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीई कार्यालय में फहराया राष्ट्रीय ध्वज...



जगदलपुर। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में शुक्रवार में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज मनाया गया, इसमें मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर डीएल टेकाम, आरके बतरा, मुकेश शुक्ला, दिनेश देवांगन सहित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

### जनसंपर्क कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण



**दंतेवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय दंतेवाड़ा में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उप संचालक रंजीत पुजारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सत्यनारायण नाग, जलंधर गोयल, तोपेश्वर सेठिया, अमित शर्मा, सुश्री रेणुका सिंह, सुश्री सविता कराटिया, मुहासी कश्यप, उपस्थित थे।

## शैक्षिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के सभी प्रमुख जगहों शासकीय व अशासकीय विद्यालयो, शासकीय कार्यालयों, नगर पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, तहसील कार्यालय, व्यापारी संघ, राष्ट्रीय स्वसेवक संघ कार्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र, शिरडी साईं समिति, थाना, कैम्पों व अन्य संस्थाओं में सुबह ध्वजारोहण हुआ। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दया शंकर गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी व सदस्य शिवराज नेताम की उपस्थिति में पूर्व छात्र मूलचंद जैन ने ध्वजारोहण किया।



विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने उपस्थित सभी लोगो को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंनें कहा कि प्रतिवर्ष हम स्वतंत्रता दिवस मिलजुल कर मनाते हैं। विद्यालय के बच्चों ने तिरंगे झंडे के साथ प्रभात फेरी निकाली और भारत माता की जय, तिरंगा झंडा की जय जयकार करते हुए नगर भ्रमण किया। विद्यालय के भैया बहनों ने भारत माता, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, चाचा नेहरू आदि महापुरुषों के वेश को धारण किया जो प्रभात फेरी का मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान अभय कुंभकार प्रांत प्रचारक, महेंद्र नायक विभाग प्रचारक, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी, भूतपूर्व छात्र मूलचंद्र बरड़िया व बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

## छिन्दबहार में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा विकासखंड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्व प्रथम भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया।

ध्वजारोहण सुशील त्रिपाठी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई। देशभक्ति से ओत प्रोत विभिन्न गगनभेदी नारे लगाए गए अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में से भाषण,कविता, गीत, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य आदि छात्र छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक जबरदस्त रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। स्वागत उद्बोधन व्याख्याता डॉ तुलादास मानिकपुरी द्वारा किया गया और सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बुधराम कश्यप ने कहा कि हर साल हम 15 अगस्त को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। क्योंकि इस दिन हम अपने देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं, जिन्होंने अपनी जान की परवाह



किए बिना हमें आजादी दिलाई है। साथ ही इस अवसर पर प्राचार्य कश्यप द्वारा संस्था में हो रही अच्छे कार्यों के लिए स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं,कार्यालयीन स्टॉफ के द्वारा हर कार्य को ईमानदारी से करने के लिए प्रशंसा की गई।

पालकों का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अंत में जुलाई माह के मासिक मूल्यांकन परीक्षा में कुल अंक 25 में से जो हर विषय में 21 से 25 अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भाग लेने वाले सभी कलाकार छात्र छात्राओं को ईनाम में पानी बोतल प्रदान किया गया। एनएसएस के वॉलेंटियर्स को प्रशस्ति पत्र,पेन वितरण किया गया।इस अवसर पर सुशील त्रिपाठी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सुरेन्द्र बघेल,प्राचार्य बुधराम कश्यप,पंच फागू मौर्य, हीरा मौर्य, भगतु, व्याख्याता डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, डॉ.तुलादास मानिकपुरी, डॉ. लुदरसन कश्यप, उषा कश्यप, मनोहरसिंह बरनाला, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद मरावी, सुबोध शुक्ला, पीटीआई नोहर सिंह सलाम, कोटवार हेमंत नाग, द्रौपदी मिश्रा, दिनेश नाग, देवचंद सेठिया, हेमंत मांझी, जगन्नाथ समरथ ,लच्छिन कश्यप तथा बड़ी संख्या में पालक ,ग्रामीण जन व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.लुदरसन कश्यप द्वारा किया गया।

## 25 साल बाद लाल गलियारे से बाहर निकल देखा आजादी का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा माओवादी भय के तिलस्म को तोड़कर भविष्य की नई इबारत लिखने की मुहिम को अमली जामा पहनाने का प्रयास कर रहा है ।

खास मौका था जश्ने आजादी का कार्यक्रम और 11 गांव के शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों की मौजूदगी। ये बच्चे सामान्य परिवेश नहीं बल्कि उस इलाके से आए थे जहां सरकारी नुमाइंदों और दीगर लोगों के लिए कदम रख पाना नामुमकिन होता है।

बीजापुर ब्लॉक के एड्समेटा, करका, कोरचोली, तोड़का, सावनार, नेनड्रा, इतावर, उसूर ब्लॉक के भट्टीगुड़ा कोंडापल्ली, भोपालपटनम के अन्नाराम और भैरमगढ़ के कोतरापाल में वेंडे स्कूल दायकाल अभियान के तहत 20 सालों से बंद स्कूलों का इस साल पुनः संचालन किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के शांति विकास और सुरक्षा अभियान के तहत नियद नेल्लानार क्षेत्र को विकसित करने की मुहिम से 16 स्कूलों को फिर से



संचालित किया गया। इन इलाकों में ज्यादातर स्थानों पर स्कूल खोलना एक बड़ी चुनौती मानी जाती है लेकिन जिला प्रशासन के दृढ़ संकल्प ने इसे आसान बना दिया। वेंडे स्कूल दायकाल अंतर्गत इन दुर्गम और हिंसा ग्रस्त इलाकों का सर्वे करने के पश्चात स्कूल खोलने की कवायद की गई और इस शिक्षा सत्र में इसे संचालित करने में जिला प्रशासन को बड़ी कामयाबी मिली। स्कूल खोलने के बाद एक बड़ी चुनौती इन इलाके के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर दिशा देने की रही जिसके फलस्वरूप कलेक्टर ने इन बच्चों के साथ लंच विथ कलेक्टर का आयोजन किया और इस दौरान उनकी परिस्थितियों और मनोभावों को समझा। लंच के दौरान बच्चों ने बातों बातों में कलेक्टर से अपने मन की बात कही। करका गांव की लक्ष्मी और अनन्या ने कहा कि डाक्टर और मैडम बनने के लिए कितना पढ़ना है। कलेक्टर ने दोनों बच्चों को प्राथमिक से हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई में नियमित स्कूल जाकर मेहनत करने और नीट और बीएड जैसे पाठ्यक्रम को लक्ष्य बनाकर पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। कोंडापल्ली और भट्टीगुड़ा के शाला त्यागी बच्चों के फिर स्कूल आने पर कलेक्टर ने उनकी तारीफ की और आगे नियमित पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इन गांवों से आए शिक्षादूतों से मुलाकात कर कलेक्टर ने कहा कि आपकी जिम्मेदारी बड़ी और चुनौतीपूर्ण इसे बेहतर ढंग से निभाने का प्रयास करें।

### बच्चों ने देखा परेड और बजाते रहे तालियां

माओवाद के अंधेरे से बाहर निकल बच्चों को पहला अवसर मिला जिला मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता समारोह के परेड देखने का। मार्च पास्ट के साथ आकर्षक नृत्य देखकर बच्चे तालियां बजाते रहे। सेंट्रल लाइब्रेरी में विज्ञान के नवाचार और एजुकेशन सिटी में बड़े स्कूलों को देखकर बच्चे काफी रोमांचित हुए। इस दौरान बच्चों ने पहली बार बस की सवारी का आनंद लिया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, एडिशनल कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एडीएम जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, डीईओ लखन लाल धनेलिया, सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह, एपीसी जाकिर खान सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्टूडेंट काउंसिल के पदाधिकारी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेंट जेवियर्स स्कूल कुम्हरावंड में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जहां नए स्टूडेंट काउंसिल के पदाधिकारी घोषित किए गए। इस समारोह में हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल और विभिन्न हाउस कैप्टन्स (ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस, येलो हाउस और रेड हाउस) की घोषणाएं की गईं। साथ ही, डिसिप्लिन इंचार्ज, कल्चरल कमिटी और अन्य पदों के लिए भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस बार चुनाव ऑनलाइन फॉर्म्स के माध्यम से करवाए गए, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रही। सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और चुनाव के नतीजे भी सभी के सामने खुलकर दिखाए गए। इस डिजिटल तरीके ने छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा दिया और पारदर्शिता सुनिश्चित की। यह स्कूल का यह कदम छात्रों को जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुणों में निखार लाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा देगा।

## सांसद ने किया ध्वजारोहण, ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आजादी के महापर्व 79वें स्वतंत्रता दिवस को पूरे जिले में गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम मिनी स्टैडियम में मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया, तत्पश्चात हर्ष के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए।

समारोह स्थल में उपस्थित नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद हुए जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिले के अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र से सम्मान कर उनका



उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें पुलिस के जवान, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभागीय गतिविधियों में सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। कार्यक्रम में परेड दल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया। जिसमें सीनियर परेड दल सीआरपीएफ को प्रथम स्थान मिला, जिला पुलिस बल पुरूष को द्वितीय एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर परेड दल में एनसीसी को प्रथम स्थान, स्काउट को द्वितीय स्थान एवं एनएसएस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति स्कूली विद्यार्थियो द्वारा की गई जिसमें मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बारम्बार प्रणाम गीत हेतु छु लो आसमा को प्रथम स्थान, शिक्षा क्रांती नाट्य गीत हेतु पीएमश्री नवोदय विद्यालय बीजापुर को द्वितीय स्थान एवं ओ माई तेरी मिट्टी बुलाएं गीत के सुंदर प्रस्तुति के लिए डीएव्ही मांझीगुड़ा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान के साथ मुख्यअतिथि सांसद बस्तर महेश कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सामूहिक फोटोग्राफी भी कराई।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा आत्मसमर्पित नक्सली एवं सुदूर वनांचल के विद्यार्थीगण- स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार के आत्मसमर्पण नीति के तहत सैकड़ों की संख्या में आत्मसमर्पित नक्सलियो ने स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम देखकर भारत की एकता और अखंडता तथा देशप्रेम के जज्बे को सलाम किया। वहीं सुदूर वनांचल में पुनः संचालित कोरचोली, तोड़का, नेण्ड्रा, एड्समेटा, करका, इतावर एवं भट्टीगुड़ा स्कूल के बच्चे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल हुऐ। मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी सहित जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के पार्षदगण, डीएफओ रामकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर संदीप बल्गा, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, एडिशनल एसपी चन्द्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा स्कूली विद्यार्थी एवं जन सामान्य उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले.कोण्डागांव का रा.प्र.क्र. /
202507200100003/ अ-21(4)/2024-25
मौजा- बड़ेकनेरा, तहसील व जिला - कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिनाथ पिता श्री मुकुन्दप्रसाद, जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम बड़ेकनेरा, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम बड़ेनकेरा, प.ह.नं.-28 तहसील कोण्डागांव में स्थित शासन से आबंटित भूमि खसरा नंबर 85/59 रकबा 0.202 हे. भूमि को क्रेता श्री संजीव कुमार पिता श्रीपार चंद जाति गारला निवासी हिमाचल प्रदेश, हाल मुकाम मोहम्मद नगर कॉलोनी कोण्डागांव के पास विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय कलेक्टर, जिला-कोण्डागांव को प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण शीर्ष अ-21 (4) में दर्ज कर जांच हेतु माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथि 21.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 21.08.2025
जारी दिनांक - 07.08.2025

मुहर

नायब तहसीलदार
कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### 22वीं बटालियन ने गरिमामय ढंग से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बीजापुर।** जिले के मिंगाचल में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल सीआरपीएफ की 22वीं बटालियन ने आज गरिमामय ढंग से 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर बटालियन परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी तथा राजपत्रित अधिकारिगण, अधिनस्थ अधिकारिगण एवं सभी जवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने जवानों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं और देश की सेवा, अनुशासन एवं कर्तव्यपरायणता के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। बटालियन के जवानों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन उप कमांडेन्ट के मार्गदर्शन में हुआ। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का संचार हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मना



**लोहंडीगुड़ा।** पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में जन्माष्टमी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और भक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। प्राथमिक वर्ग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेकर सबका मन मोह लिया। कई छात्र-छात्राएं राधा और कृष्ण की वेशभूषा में सजे हुए मंच पर आए और अपनी मासूम अदाओं से वातावरण को आनंदमय बना दिया। मध्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए मटकी सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी कला और सृजनशीलता का उत्कृष्ट परिचय दिया। रंग-बिरंगी सजावट से सजी हुई मटकियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने श्रीमद भगवत गीता के श्लोकों का सस्वर वाचन किया। उनकी स्पष्ट उच्चारण और गहन भावनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति ने न केवल धार्मिक वातावरण निर्मित किया बल्कि विद्यार्थियों को गीता के आदर्शों से भी जोड़ा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## निधन

### शंकर ठाकुर



**जगदलपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी शंकर ठाकुर का 15 अगस्त को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा धरमपुरा के तिलकनगर स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, परिजन और शहर तथा गांव के लोग शामिल हुए। वे पत्नी सहित भरा पूरा छोड़ गए।

### एसआर कर



**जगदलपुर।** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायिक संस्थान फर्म मिताली स्टोर्स के संचालक निहार रंजन कर के बड़े भाई एवं संदीप के पिता एस. आर.कर का निधन हो गया। अंतिम यात्रा गुरुवार को दोपहर 2 बजे उनके वृंदावन कालोनी स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग, व्यवसायी और शहरवासी शामिल हुए। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## कृष्ण भक्ति में रमा समूचा बस्तर अंचल...







**जगदलपुर।** जन्माष्टमी की धूम शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचल में भी रही। स्कूल से लेकर तमाम निजि और सार्वजनिक कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में नन्हें बच्चे कृष्ण और राधा बनकर इस पर्व की गरिमा बढ़ा दी। शनिवार को यादव समाज और पंजाब सनातन धर्म सभा के शोभा यात्रा में कृष्णभक्ति में डूबे श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह और जन्माष्टमी की सादगी के साथ गरिमा दिखाई पड़ी। वेशभूषा से ही लग रहा था कि बच्चों से लेकर बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं ने कृष्ण की लीला के अनुसार पीले रंग के वस्त्र पहने हुए थे। विशेषकर भगवान कृष्ण के रूप में अपने बच्चों को सजाए माताओं और बहनों के चेहरे खिले हुए थे। जिस तरह भगवान कृष्ण माखन चोरी करते नटखट थे उसी तरह बच्चें को कृष्ण बनाने में माताओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी। मालाओं, मुकुट और मोर पंख तक से बच्चों को सजाकर माताएं प्रफुल्लित दिखाई पड़ रही थी। इस तरह पूरा अंचल गांव से लेकर शहर तक कृष्ण भक्ति में लीन रहा। छाया : संतोष पाण्डे

# जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने किया ध्वजारोहण

### सर्किट हाउस में ध्वजारोहण



जगदलपुर। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सर्किट हाउस में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महापौर संजय पांडेय सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

### कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय में संभागायुक्त डोमन सिंह ने ध्वजारोहण किया। कमिश्नर कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रभात फेरी निकालकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस मौके पर दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन हेतु अपर कलेक्टर सीपी बघेल, डिप्टी कमिश्नर गीता रायस्त सहित कमिश्नर कार्यालय व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर कार्यालय के उपायुक्त बीएस सिदार एवं गीता रायस्त सहित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आयुक्त कार्यालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट के सेवा-सदन परिसर में कलेक्टर हरिस एस ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित कलेक्टोरेट और संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### अमृत सरोवरों पर लहराया तिरंगा, रोपे गए पौधे



**जगदलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बस्तर जिले में अमृत सरोवर योजना के तहत नव-निर्मित और पुनर्जीवित किए गए सरोवरों के निकट ध्वजारोहण समारोहों के साथ-साथ पौधरोपण किया गया। इन आयोजनों में राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के महत्व को रेखांकित किया गया। देशभक्ति के नारे गूंजे और राष्ट्रगान का गायन किया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। ध्वजारोहण के बाद सरोवरों के किनारे पौधे रोपे गए।

### विधायक कार्यालय में ध्वजारोहण



जगदलपुर। विधायक कार्यालय नयापारा में ध्वजारोहण जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे ने किया। इस मौके पर महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में प्राचार्य ने ध्वज फहराया



**नगरनार।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार विद्यालय में मनाया गया। जिसमें संस्था प्रमुख सत्यम सिंह ने ध्वजा रोहण किया। विद्यालय के संयोजक राजाराम यादव, हर्ष मिश्रा, रीता यादव, मालती बसेन, राधा दास, प्रतिमा बघेल, हेमलता बघेल, मंजनी सेठिया, संतोषी बघेल, वृन्द्रावती कश्यप एवं अभिभावक गण बच्चे शामिल रहे। नगर में प्रभात फेरी निकाला गया। विद्यालय स्तर में भैया बहन का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस पावन पर्व पर कमलसाय बघेल ने स्वतंत्रता दिवस के बारे में बताया। संचालन राधा दास ने किया।

## बोताबोड़ना में मिले चर्मरोग, अर्श स्त्रीरोग, वातरोग, उदयरोग के मरीज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आयुष विभाग का मोबाइल मेडिकल यूनिट हाल ही में तोकापाल ब्लॉक के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम बोताबोड़ना पहुंची, जहां ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार कराया गया। शिविर में चर्मरोग, अर्श, स्त्री रोग, वातरोग, उदयरोग के 61 मरीज मिले। ग्रामीणों का उपचार करने में

- आयुष विभाग की मोबाईल टीम ने लगाया शिविर व बच्चों, ग्रामीणों का किया उपचार

डॉ. निखिल कुमार देवांगन, फर्मासिस्ट सोनबोई, औषद्यालय सेवक आदि शामिल रहे। बताया जा रहा है कि शिविर में विशेष तौर पर बुखार तथा उल्टी-दस्त जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार संबंधी चिकित्सकीय सलाह दी जा रही है। इस दिशा में घर के समीप साफ-सफाई रखने, घर में कूलर, पुराने टायर, गमले इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों के पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करने के साथ ही सोने के दौरान मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, हैंडपंप या सोलर ड्यूल पम्प के समीप संग्रहित गंदे पानी की समुचित निकासी करने सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग और गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने और बीमारियों से पीड़ित होने पर समीपस्थ आयुष स्वास्थ्य केन्द्र अथवा औषधालय में स्वास्थ्य जांच एवं उपचार करवाने की समझाईश देकर स्वस्थ्य जीवनचर्या पर जन जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

**ग्रामीणों का हुआ रूझान**

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू ने बताया कि अंदरूनी गांवों में चिकित्सा पहुंचविहीन गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामीणों तक आयुर्वेद चिकित्सा को पहुंचाने का सकारात्मक पहल किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करवाने के प्रति जागरूकता के साथ ही रूझान बढ़ रहा है।

## एक पेड़ अपने पूर्वजों के नाम, विधायक ने दिया हरियाली का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने आज अपने निवास स्थल जगदलपुर में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं इसके पश्चात वे अपने गृह ग्राम गिरोला पहुंचे, जहाँ शासन की योजना एक पेड़ मां के नाम के तहत उन्होंने अपने पूर्वजों के नाम बरगद का पौधारोपण किया।

इस अवसर पर ग्रामबपंचायत गिरोला में विधायक बघेल के तत्वावधान में शैड एवं नए बोरवेल का लोकार्पण भी किया गया उन्होंने इस पहल को ग्रामवासियों के लिए एक विशेष कर्तव्य बताते हुए कहा कि यह केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायी संदेश है

बघेल ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत उन्होंने पिछले वर्ष की थी और आज यह दो वर्ष पूर्ण कर चुका है प्रत्येक वर्ष पौधारोपण को परंपरा के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में यह पहल जंगलों को बचाने और हरियाली बढ़ाने में अहम योगदान देगी कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजनों का स्वागत करते हुए विधायक ने सभी को पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया वन विभाग के अधिकारियों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में इस तरह की अनूठी पहल विरले ही देखने को मिलती है यह प्रयास न केवल गांव के लोगों बल्कि अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा।

इस दौरान मौजूद रहें गोपाल कश्यप, तिलेस्वरी गागड़ा, सीताराम सेठिया, रोमनाथ देहारी, सतेन्द्र गागड़ा, अमीर साहनी, अर्जुन पांडे, रामचंद्र नाग, ईश्वर, राजू, सरवन, राजेन्द्र सेठिया, पुरन सेठिया, सरवन भोयर, डूमरधर, दसरथ , कमलेश महानंदी, अचीत गुलाटी, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी,रायसिग जनाब, हेमसागर, रूपधर, राधामनी बघेल, नीला बघेल, सेवती कश्यप ,कमला, सम्पति, शांति सेठिया कल्पना, गेलमनी भोयर, उवासी सेठिया, शुक्ल, अस्तमा डोमाय कश्यप सुनती, रयमती एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

## भाजपा मण्डल ने किया वीर सैनिक परिवारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भाजपा बचेली मंडल ने एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें उन वीर सैनिक परिवारों को सम्मानित किया गया, जिनके सदस्य देश की सेवा और सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और तिरंगा ध्वजारोहण के साथ हुई। मंडल पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की विचारधारा में देश की सुरक्षा और सैनिकों का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे आयोजन न केवल समाज में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि युवाओं को भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैनिक परिवारों के घर-घर जाकर उनके योगदान को याद किया और शॉल व श्रीफल भेंट कर उनके साहस और बलिदान को नमन किया। सम्मानित परिवारों में कुछ भूतपूर्व सैनिक भी शामिल थे, जबकि कुछ वर्तमान में सक्रिय सेवा में देश की रक्षा कर रहे हैं। सम्मानित परिवारों में गणेश हलदर एवं मधुबी हलदर माता-पिता गौतम हलदर, बीएसएफ, वर्तमान में राजौरी, जम्मू-कश्मीर में तैनात, परन बिस्वास सेवानिवृत्त एवं कोनिका बिस्वास, सुशांत मिस्त्री सेवानिवृत्त एवं मंजू मिस्त्री, सुदर्शन मिस्त्री एवं दीपाली मिस्त्री माता-पिता उत्तम मिस्त्री, थल सेना मुख्यालय, नई दिल्ली में तैनात, परिमल ब्यापारी सेवानिवृत्त पिता पुलिन, निर्मल, पिता पुलिन सीआईएसएफ नई दिल्ली, इला बिस्वास माता प्रलय कुमार बिस्वास, असम राइफल, मेघालय में तैनात है। यह कार्यक्रम भाजपा बचेली मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता परिमल ब्यापारी के सौजन्य से, मंडल अध्यक्ष अम्लेंदु चक्रवर्ती की दूरदर्शी दिशा-निर्देशों और जिले के उपाध्यक्ष सुमित सरकार के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## गढ़िया पंचायत भवन में सरपंच ने किया ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया के पंचायत भवन में हर्षोल्लास के साथ आजादी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच भरत कश्यप ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पंचगण,गांव के मुखिया, नागरिकगण स्त्री,पुरुष वह बच्चे बड़ी संख्या उपस्थित हुए। इस मौके पर सरपंच ने कहा कि तिरंगा ना केवल हमारे स्वतंत्रता का बल्कि हमारी गरिमा और कर्त्तव्य का अहसास कराता है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि हम सब मिलकर अपने गांव के लोगों को मजबूत बनाएंगे। इस तरह एक दिन हमारा देश विकास के उच्चतम मुकाम पर होगा। इस दौरान उपसरपंच संतू कश्यप, सचिव डमरू नेताम,बोंजाराम मौर्य,लखमु कश्यप,पीलूराम, निरंजन बघेल,रायधर मौर्य,भालूराम,मिटू,गांव के मुखिया सहित ग्रामवासियों उपस्थित थे।

### संस्कार द स्मार्ट स्कूल धनपुंजी में ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** एनएमडीसी संस्कार द स्मार्ट स्कूल धनपुंजी में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्ष व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:45 बजे विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण से किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय गान गाया गया। विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति गीत ,भाषण, नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि नवीन भावसार एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व सुमन भावसार डायरेक्टर, एलेक्स मैथ्यू एडमिनिस्ट्रेटर, बिल्बी पायस प्राचार्या मौजूद रहे। यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावनाओं को प्रोत्साहित करने स्वतंत्रता सेनानीयो के बलिदानों को स्मरण करने और विद्यार्थी राष्ट्रीय चेतना की भावना को जागृत करता है।




